हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 मार्च 2026

06 स्वयं सहायता समूहों से दीदियों को लखपति ही...



09 अबूझ पहेली बन गया परिषद की बैठक में...





## अनियमितताएं पाए जाने पर करसंग्राहक को जारी किया कारण बताओ नोटिस

# उड़नदस्ता दल की कार्रवाई : गुजराती नमकीन की फैक्ट्री में खाद्य अनुज्ञप्ति, कारखाना अनुमति सहित अन्य अनियमितताएं पाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं दुकानों के किराये की बकाया राशि की वसूली तथा आवासीय भवनों के व्यवसायिक उपयोग सहित नगर निगम अधिनियम के तहत अन्य गतिविधियों की जांच के लिए गठित उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई । टीम द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ की गई। उड़नदस्ता दल के प्रभारी सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु ने बताया कि उड़नदस्ता दल द्वारा गुरु गोविंद सिंह वार्ड स्थित गुजराती नमकीन की फैक्ट्री पर बड़ी मात्रा में अनियमितताएं मिलीं। जांच के दौरान व्यापारिक अनुज्ञप्ति तथा कारखाने की अनुमति भी नहीं पाई गई। फैक्ट्री में खाद्य सामग्री को तैयार करने में उपयोग किए जा रहे ट्यूबवेल के पानी की जांच रिपोर्ट भी राजेंद्र भाई, किरीट भाई द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई तथा फैक्ट्री के सम्पत्तिकर का निर्धारण भी कम पाया गया।



उड़न दस्ता के प्रभारी गुरु ने बताया कि गुजराती नमकीन के विरुद्ध नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 427(24) एवं धारा 246 के अंतर्गत अधिनियम का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी।

इसके अलावा दल द्वारा भगवानगंज स्थित टीवीएस शोरूम पर संपत्तिकर का निर्धारण कम पाया गया जिसकी समक्ष में माप कराकर सही निर्धारण कराने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही सरस्वती मैरिज गार्डन द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि 44 हजार 8 सौ रुपए जमा कराई गई।

### अनियमितताएं पाए जाने पर कर संग्राहक को नोटिस

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने विभिन्न स्थानों पर मिल रहीं अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व अधिकारी सहित राजेंद्र मलैया करसंग्राहक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे नियमानुसार अपने बकायाकरों का भुगतान करें तथा भवन उपयोग संबंधी नियमों का पालन करें,जिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर संपत्तिकर का सही निर्धारण नहीं है वे अपने प्रतिष्ठान का सही निर्धारण करवाकर सहयोग प्रदान करें अन्यथा नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु, विकास गुरु, अनिरुद्ध चाचौंदिया, संजय सोनी, देवकुमार चौबे हीरालाल अहिरवार उपस्थित थे।



## रहली नगर पालिका का 'चौका': अब गुणवत्ता अनुसंधान संगठन ने भी माना विकास का लोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

नगरपालिका परिषद रहली ने अपनी प्रशासनिक दक्षता और विकास कार्यों में एक बार फिर इतिहास रच दिया है। गुणवत्ता अनुसंधान संगठन द्वारा नगरपालिका के कार्यों को प्रमाणित करते हुए तीन अलग-अलग मानकों में सर्टिफिकेट प्रदान किए गए हैं। नपाध्यक्ष देवराज सोनी के कुशल मार्गदर्शन और सीएमओ की सक्रियता का परिणाम है कि रहली आज प्रदेश के लिए एक मॉडल शहर बनकर उभरा है।

### किन कार्यों पर मिली मुहर?

गुणवत्ता अनुसंधान संगठन ने व्यापक जांच के बाद इन प्रमुख गतिविधियों को प्रमाणित किया है: पर्यावरण एवं जलः जल प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता और प्रदूषण नियंत्रण। नागरिक सेवाएँ: जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, घर-घर कचरा संग्रहण और स्ट्रीट लाइट। इंफ्रास्ट्रक्चरः सी.सी. सड़कें, नालियां और अन्य संरचनाओं का उच्च स्तरीय निर्माण। सामाजिक विकासः महिला सशक्तिकरण और कर्मचारी कल्याण। प्रशासनिक सुधारः लागत बचत, कानूनी अनुपालन और निरंतर सुधार की प्रक्रिया।

नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने बताया कि पहला वर्ष आईएसओ अवार्ड से सम्मानित, दूसरा वर्ष प्रतिष्ठित स्कोच अवार्ड, तीसरा वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षणः एमपी में प्रथम, देश में 14वां स्थान, चौथा वर्ष गुणवत्ता अनुसंधान संगठन द्वारा तीन प्रमुख मानकों में प्रमाणीकरण यह उपलब्धि पूरी टीम की मेहनत और रहली के जागरूक नागरिकों के सहयोग का परिणाम है। हमारा लक्ष्य रहली को केवल स्वच्छ ही नहीं, बल्कि सबसे व्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाना है।

इस बड़ी जीत पर नगर के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए समस्त नगरवासियों को बधाई दी है। यह प्रमाणन साबित करता है कि सही नीयत और कड़े परिश्रम से छोटे शहर भी राष्ट्रीय पटल पर चमक सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला आयुष कार्यालय में राज्य स्तरीय सम्मेलन

**सागर।** जिला आयुष अधिकारी कार्यालय, सागर के सभागार में क्षेत्रीय सुविधा केंद्र, मध्य क्षेत्र, जबलपुर (नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड, आयुष मंत्रालय) द्वारा राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी सागर डॉ. जोगेंद्र सिंह ठाकुर, नोडल अधिकारी डॉ. रवि कुमार मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप कटियार, डॉ. चंद्रप्रकाश शुक्ला, पीयूष वर्मा तथा नीरज कुमार सहित क्षेत्रीय सुविधा केंद्र जबलपुर के वैज्ञानिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय केंद्र जबलपुर के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एस. के. यादव, प्रधान अन्वेषक एवं कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र सागर, रविंद्र चौबे, उद्यान अधिकारी (पूर्व ध्यान अधिकारी), तथा सुश्री अमृता , उद्यान अधिकारी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने औषधीय पौधों की खेती, प्रबंधन एवं किसानों की आय वृद्धि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. चंद्रप्रकाश शुक्ला ने राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड की विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. एस. के. यादव ने औषधीय पौधों की उत्तम कृषि पद्धतियों, प्रसंस्करण तथा वैल्यू एडिशन के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। रविंद्र चौबे ने किसानों की आय को दोगुनी करने के उपायों पर प्रकाश डाला, वहीं सुश्री अमृता भाटखुल ने किसानों को मिलने वाली सहायता राशि तथा औषधीय पौधों की खेती से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी मुक्ति कार्यक्रम में किसानों एवं आगंतुकों को औषधीय पौधे वितरित भी किए गए। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी आयुष सागर डॉ. रवि कुमार मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



### किसान सम्मान निधि की 22 वीं किस्त का कार्यक्रम आयोजित किया गया

**सागर।** कृषि विज्ञान केन्द्र, सागर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 22 वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किसानों एवं आमजन के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा असम के गुवाहाटी से देश के किसानों को संबोधित किया गया तथा लगभग 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के खातों में 18,640 करोड़ से अधिक की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हस्तांतरित की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र, सागर में यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री उत्सव के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से आए किसानों, कृषि विभाग के अधिकारियों एवं अन्य हितधारकों ने सहभागिता की। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, सागर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के. एस. यादव तथा श्री राजेश त्रिपाठी उपसंचालक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सागर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आत्मा परियोजना की ओर से परियोजना संचालन एम. के. प्रजापति अनिल राय (सहायक संचालक), कुमुद बुनकर (सहायक संचालक), विपिन जैन आत्मा परियोजना की ओर से भूपेन्द्र सिंह राजपूत, लाड़िया राजपूत कृषि विज्ञान केन्द्र, सागर की ओर से डॉ. ममता सिंह, डॉ. वैशाली शर्मा, मयंक मेहरा, योगेन्द्र सहित कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## लोक अदालत में सुलझा वैवाहिक विवाद

**गढाकोटा।** गढाकोटा में लोक अदालत में एक वैवाहिक विवाद का सुखद और सौहार्दपूर्ण समाधान हो गया। दोनों पक्षों ने आपसी समझदारी दिखाते हुए पुराने मतभेद भुलाकर समझौते का रास्ता अपनाया और मामले का खुशी-खुशी निपटारा हो गया। यह समझौता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेश शर्मा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) अम्बर श्रीवास्तव की उपस्थिति में संभव हुआ। आवेदक पक्ष के अधिवक्ता विवेक भगवत एवं अनावेदक पक्ष के अधिवक्ता विनोद पटेल के सहयोग से दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक चर्चा हुई और अंततः विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान निकल आया। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में आयोजित लोक अदालत का उद्देश्य भी यही है कि आपसी संवाद और समझदारी से विवादों का त्वरित और सरल समाधान हो सके, जिससे न्याय के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द भी बना रहे इस अवसर पर अधिवक्ता संग गढ़ाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी जी एवं अन्य सभी अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से गत 2 सप्ताह में 80 जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्त मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से 28 फरवरी से 14 मार्च के मध्य 80 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। विगत 2 जून, 2025 को आरंभ हुए इस सेवा प्रकल्प से अभी तक कुल 701 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है।

"भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्प हेल्पलाइन" सागर जिले के बीमारों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक बन कर सामने आई है। इस जनोपयोगी प्रकल्प रक्त हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराते हुए मरीजों की जान और पैसा दोनों बचाए जा सके हैं। गत 2



सप्ताह में जिन 80 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें सागर जिले के क्षेत्रों, बंडा, केसली, गढ़ाकोटा, खुरई, सुरखी, रहली, राहतगढ़ मालथौन, नरयावली, बांदरी, बीना, देवरी, सानौधा, बटियागढ़, जैसीनगर, दलपतपुर के ग्रामों व वार्डों से सागर संभागीय मुख्यालय पर इलाज कराने आए मरीज शामिल हैं। रक्तदान को सेवा प्रकल्प के रूप में अपनाने वाले पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र अविराज सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष के मई तथा नवंबर माहों आयोजित हुए दो रक्तदान शिविरों में लगभग 2181 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 17 हजार यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य की उपलब्धि को इंडिया बुक आफ रिकार्ड्स संस्था ने रिकार्ड के रूप में दर्ज कर उन्हें इसका प्रमाण पत्र भी पिछले दिनों भेंट किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह स्वयं निःशुल्क रक्त सेवा हेल्पलाइन की सतत मानीटरिंग करते हैं। उन्होंने बताया है कि इस हेल्पलाइन सेंटर का मोबाइल नंबर 9228035418 है, जो चौबीस घंटे चालू रहता है।



## भागवत कथा का पांचवां दिनः पंडित चन्द्रकान्त शास्त्री ने सुनाई पूतना वध से मथुरा गमन तक की कथा

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में सोनी परिवार द्वारा छोटे पुल रोड पर चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा व्यास पं श्री चन्द्रकान्त शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म के बाद की विभिन्न लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया, जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। कथा के दौरान शास्त्री जी ने पूतना वध की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल रूप में ही असुरों का संहार कर धर्म की रक्षा का संदेश दिया था। उन्होंने यशोदा मैया के साथ बालकृष्ण की शरारतों, माखन चोरी और ग्वाल-बालों के साथ खेल की लीलाओं का भी वर्णन किया। कथा व्यास ने भगवान के गोप्रेम, कालिया नाग मर्दन और वृंदावन की अन्य बाल लीलाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला भक्तों के लिए प्रेरणा और भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। श्री शास्त्री ने बताया कि कंस के आमंत्रण पर भगवान श्रीकृष्ण अपने बड़े भाई बलराम के साथ मथुरा के लिए प्रस्थान करते हैं। यहीं से अत्याचार के अंत की भूमिका तैयार होती है। कथा के अंत में शास्त्री जी ने कलयुग की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि इस युग में हरि नाम का स्मरण ही मनुष्य के कल्याण का सबसे सरल और प्रभावी मार्ग है। कथा के विश्राम के बाद मुख्य यजमान ने रामसेवक सोनी ने अपने परिवार सहित व्यासपीठ की आरती की और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

## कलेक्टर की अपील का असरः नरवाई प्रबंधन में गोशालाएं आगे आई, खेतों में नरवाई न जले इसके लिए भूसा मशीन उतारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के संकल्प को पूरा करने के लिए की सागर जिले में गेहूं की कटाई के बाद खेतों में शेष बचे अवशेषों को आग लगाकर न जलाया जाए बल्कि इस अवशेष के माध्यम से भूसा बनाने का काम प्रारंभ कर दिया जाए इस दिशा में अगुवाई की सरगम स्वयं सहायता समूह के द्वारा संचालित ग्राम सिहोरा विकासखंड राहतगढ़ की गौशाला ने, जिले में गौशालाओं को भूसा बनाने वाली रीपर मशीन सरकार के द्वारा कम राशि पर उपलब्ध कराई गई है ताकि गौशालाओं को स्वयं का भूसा बनाकर वे आत्मनिर्भर कर सके और नवाई प्रबंधन के अंतर्गत खेतों में आग न लगे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे इसके लिए वे अपना योगदान दे सके। इसी क्रम में समूह के द्वारा संचालित इस गौशाला ने अपनी मशीन को रेडी कर लिया है और प्रथम दिवस आज 20 क्विंटल भूसा बनाकर गांव के लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि वे अपने खेतों में आग न लगे बल्कि गेहूं के बच्चे अवशेषों को उपयोगी भूसे में बदलकर पशुओं को आहार उपलब्ध करा सके। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा संचालित गौशालाओं में महिलाएं पशु आहार के रूप में हाइड्रोपोनिक इकाइयों की स्थापना करने की दिशा में प्रयासरत है ताकि पशुओं को उत्तम और पोषण युक्त चारा मिल सके।



## सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान लगातार जारी

**सागर।** जिले में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर संदीप जी.आर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है, कलेक्टर महोदय के द्वारा टीकाकरण केन्द्र पर शतत मानीटररिंग की जा रही है एवं अभिभावको एवं किशोरी बालिकाओं से लगातार अपील की जा रही है, एवं क्षेत्र भ्रमण कर टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जा रहा है, इसी क्रम में गुरुवार को 171 शुक्रवार को जिले में 137 बालिकाओं को एवपीवी का निःशुल्क टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 फरवरी से प्रारंभ हुए इस विशेष अभियान के अंतर्गत जब तक कुल 1764 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है, एचपीवी का टीका जिला चिकित्सालयार सिक्ति हस्पिटल समस्त विकासखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्या केंद्रों में अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रतिदिन टीकाकरण किया जा रहा है। यह अभियान आगामी लगभग 77 दिनों तक संचालित किया जाएगा।अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष 03 माह तक की उम्र को बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरी ने बताया कि एचपीवी वायरस महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीषा कैंसर का प्रमुख कारण है इस बीमारी की रोकथाम के लिए एचपीवी टीका अत्यंत प्रभावी और सुरक्षित है।





## महापौर ने बैतूल स्थित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के निवास पर दिवंगत बेटी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**सागर।** शनिवार को महापौर संगीता तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुशील तिवारी, एमआई सी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बैतूल स्थित निवास पर जाकर उनकी सुपुत्री सुरभि खंडेलवाल के आकस्मिक निधन पर जाकर शोक व्यक्त किया। शोक संतप्त परिवार जनों से भेंटकर संवेदनाएं प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से दिवगंत आत्मा को मोक्ष प्रदान करने की प्रार्थना की ।

### सीताराम रसोई परिवार ने नवजात शिशुओं के लिए दो फोटोथेरेपी मशीनें भेंट कीं

# शासकीय बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय के उत्थान में सरकार के साथ समाज की भागीदारी भी जरूरीः डीन डॉ. पीएस ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासकीय बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर के ओपीडी स्थित बाल्य एवं शिशु रोग विभाग में आयोजित कार्यक्रम में सीताराम रसोई परिवार एवं बुंदेलखंड पेट्रोल पंप एसोसिएशन द्वारा नवजात शिशुओं के उपचार हेतु दो फोटोथेरेपी मशीनें एवं दो एसएनसीयू उपकरण भेंट किए गए। इन उपकरणों से नवजात शिशुओं को पीलिया (जॉन्डिस) से बचाने में मदद मिलेगी। सीताराम रसोई परिवार की ओर से प्रकाश चौबे ने कहा कि संस्था के विकास के लिए बुंदेलखंड पेट्रोल पंप एसोसिएशन एवं सीताराम रसोई परिवार पहले भी सहयोग करते रहे हैं और आगे भी सहयोग करते रहेंगे।डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर ने कहा कि किसी भी सरकारी चिकित्सा संस्थान के उत्थान में सरकार के साथ-साथ समाज की भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने सीताराम रसोई परिवार एवं बुंदेलखंड पेट्रोल पंप एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके सहयोग से शासकीय बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी।



डीन ने समाज के अन्य लोगों से भी अपील की कि वे आगे आएं और महाविद्यालय की छोटी-छोटी आवश्यकताओं में सहयोग करें। इस अवसर पर सीताराम रसोई परिवार एवं बुंदेलखंड पेट्रोल पंप एसोसिएशन से प्रकाश चौबे, दिलीप मुखारिया, राजेश गुप्ता, आलोक अग्रवाल, सौरभ रंधेलिया, मनोज वर्मा, आदर्श ज्योतिषी, संजीव चौरसिया, राजीव चौरसिया एवं दाऊ मामा जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. राजेश जैन, बाल्य एवं शिशु रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशीष जैन, डॉ रूपा अग्रवाल, डॉ अजीत आनंद असाटी, डॉ महेंद्र सिंह चौहान, डॉ रविकांत अर्जरिया, डॉ सर्वेश जैन, डॉ सुशील गौर, डॉ शीला जैन, डॉ संजय प्रसाद आदि चिकित्सक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष जैन ने किया तथा डॉ. अंकित जैन ने आभार व्यक्त किया।

## विधायक प्रदीप लारिया पहुंचे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजाखेड़ी वैक्सीनेशन सेंटर

**सागर।** विधायक प्रदीप लारिया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजाखेड़ी वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे जहां समक्ष में किशोरी बालिकाओं का एचपीवी वैक्सीनेशन किया गया। उन्होंने वैक्सीनेशन सेंटर की प्रक्रिया और वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्थाओं को देखा। यहां पर पिछले चार दिवस से एचपी वैक्सीनेशन का सत्र लगाया जा रहा है और यह आगामी मार्च अप्रैल और मई माह तक 3 माह तक यह चलेगा।विधायक प्रदीप लारिया ने सभी अभिभावकों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में किशोरी बालिकाएं जिनकी उम्र 14 वर्ष पूरी हो गई है और 15 साल 3 महीने की उम्र तक यह टीका निशुल्क लगवाए और अपनी बालिका को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान कराएं।

## खबर संक्षेप

### कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन शुरू

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन विभाग, के जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर में अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कोर्स एक अप्रैल से शुरू हो रहा है इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई हैं, इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के अभ्यार्थी जिनकी आयु सीमा दिनांकः-01-01-26 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हो, अपना आवेदन पत्र जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर में दिनांकः-25-03-2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट होनी चाहिए। हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय अनिवार्य हैं। एक वर्ष के इस कोर्स में अभ्यर्थी को बेसिक आवेदन के साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें। प्रवेश साक्षात्कार के माध्यम से होगा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांकः-27-03-2026 को एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांकः-30-03-2026 को किया जायेगा। आवेदन-पत्र का प्रारूप कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय एवं शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र ललितपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

### नई वाहन पंजीयन श्रृंखला यूपी 94 एएम शुरू

**ललितपुर।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय द्वारा मोटर वाहनों के पंजीयन को लेकर नई श्रृंखला जारी की गई है। कार्यालय आदेश के अनुसार गैर परिवहन वाहनों की पंजीयन श्रृंखला यू.पी. 94 ए.एल. के सभी नंबर 13 मार्च 2026 को पूर्ण हो गए हैं। परिवहन आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के तहत वाहनों के लिए आकर्षक एवं महत्वपूर्ण पंजीयन नंबरों की ऑनलाइन आरक्षण व्यवस्था प्रथम आवत-प्रथम पावत के सिद्धांत पर लागू है। इसी क्रम में यू.पी.94 ए.एल. सीरीज पूरी होने के बाद अब नई पंजीयन श्रृंखला यू.पी.94 ए.एम. (गैर परिवहन वाहन) लागू की गई है। कार्यालय द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि नई श्रृंखला के आकर्षक और महत्वपूर्ण पंजीयन नंबरों की बुकिंग नीलामी प्रक्रिया या प्रथम आवत-प्रथम पावत के आधार पर की जाएगी। इच्छुक आवेदक परिवहन विभाग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एआरटीओ विपिन चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूर्व श्रृंखला के शेष बचे आकर्षक नंबरों को ब्लॉक कर नई पंजीयन श्रृंखला यू.पी. 94 ए.एम. को वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए।

### रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट

**ललितपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुम्हेड़ी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित को बीच रास्ते रोककर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम कुम्हेड़ी निवासी धर्मेंद्र लोधी पुत्र जाहर सिंह ने पुलिस को बताया कि बुधवार 11 मार्च की रात करीब 8 बजे वह अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गांव के ही एक व्यक्ति के दरवाजे के पास पहुंचा, तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही खिलान लोधी, उसकी पत्नी और पुत्र दीपेंद्र लोधी ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने पीड़ित के साथ अभद्र गाली-गलौज शुरू कर दी और जब उसने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई। शोर सुनकर जब ग्रामीण वहां पहुंचे, तो आरोपियों ने पीड़ित को भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भगा दिया। महरौनी पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी खिलान लोधी, दीपेंद्र लोधी और खिलान की पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## उप मुख्यमंत्री ने मंडलीय सरस मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया

# स्वयं सहायता समूहों से दीदियों को लखपति ही नहीं, करोड़पति भी बनाया जाएगाः मौर्य

■ **जनपद में लगेगा राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला, 7 राज्यों की महिलाएं प्रतिभाग करेंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के गिन्नौट बाग में आयोजित मंडलीय सरस मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया, साथ ही परिसर में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गए स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। उन्होंने मौके पर छोटे बच्चों का अन्न प्रासन कराया और लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र व चाभियां वितरित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ने भगवान गणेश जी की प्रतिमा का माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया, तत्पश्चात जिलाधिकारी व उनके प्रशासनिक टीम ने उप मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, एमएलसी रमा निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है, आज इस मण्डलीय सरस मेले के उद्घाटन के अवसर पर जब हमारी स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का सम्मान हो रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक और उनकी पूरी प्रशासनिक टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी।

### स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर फोकस

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गरीबों को स्वरोजगार से अमीर बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप दीदियां खाने-पीने का सामान समूह के माध्यम से बड़े स्तर पर बनाना चाहती है और उसकी लागत 5 करोड़ रुपए है तो उस पर 1 करोड़ 75 लाख रुपया (35 प्रतिशत) अनुदान दिया जाता है, इसके साथ ही यदि इकाई में विद्युत का उपयोग होता है तो उसके लिए 90 प्रतिशत सोलर पैनल लगवाने के लिए अनुदान भी दिया जाता है।

### ललितपुर के लिए घोषणा की

उन्होंने मंच के माध्यम से जनपद में राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला आयोजित कराने की घोषणा की कि जिसमें 7 राज्यों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने-अपने उत्पाद लेकर यहां आयेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने नये कार्यालय कर्तव्य भवन में पहले ही दिन 6 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने की घोषणा की, जिसके क्रम मउपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में 3 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उनमें से कम से कम 1 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने का काम करेंगे। हमें ऐसा काम करना है कि ललितपुर की दीदियों के द्वारा बनाये गए उत्पाद देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में बिके। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि देश की आधी आबादी सामर्थवान हो। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता था, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसे विकसित भारत जीरामजी कानून बनाकर भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया है। पहले की सरकारें यदि गरीब को 1 रुपया देती थीं तो उसे केवल 15 पैसे ही मिल पाते थे, प्रधानमंत्री ने सभी के बैंक खाते खुलवाकर योजना का लाभ सीधे पात्र लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से पहुंचता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ललितपुर के सहरिया समुदाय के लोग काम की तलाश में दूसरे प्रदेशों के लिए पलायन करते थे, लेकिन अब उन्हें पलायन करने की जरुरत नहीं हैं, क्योंकि हमारी सरकार का खजाना उनको विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शक्तिशाली और समृद्धशाली बनाने के लिए खुला हुआ है।

### नए वित्तीय वर्ष में योजनाओं की धनराशि में होगी वृद्धि

उन्होंने यह भी कहा कि नये वित्तीय वर्ष से वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन और दिव्यांग पेंशन की धनराशि 01 हजार से बढ़ाकर 1500 प्रतिमाह की जा रही है, जिसका लाभ नये वित्तीय वर्ष से पात्रों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में 03 करोड़ प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृत किया है, जिससे अब तक छूटे हुए लाभार्थियों को भी जल्द आवास योजना का लाभ मिलने वाला है। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजनान्तर्गत दिव्यांग, सहरिया, कुष्टरोगी, बुजुर्ग आदि वर्गों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जा रहा है।

### लाभार्थियों को चेक, चाभी और नियुक्ति पत्र वितरण

उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह सदस्यों को चैक, सीसीएल व सीआईईएफ डेमो चेक का वितरण मंच के माध्यम से दिया गया, इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाभी व स्वीकृति पत्र वितरित किये गए, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत 5 लाभार्थियों ट्रेटर की चाभी का वितरण किया गया और गर्भवती महिलाओं की गोदभरायी व बच्चों का अन्न प्राशन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार यादव, डीसी मनरेगा रमेश चन्द्र यादव, पीडी डीआरडीए दीपक कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम को ज्ञापन दिया

# पूर्व आउटसोर्सिंग गार्डों के सेवा विस्तार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में पूर्व से कार्यरत आउटसोर्सिंग सुरक्षा गार्डों के सेवा विस्तार और समायोजन को लेकर मामला फिर चर्चा में आ गया है। इस सम्बन्ध में चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री को विस्तृत आख्या भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देश पर सीएमओ द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाता एजेंसी ओमेक्स सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड, गोमती नगर लखनऊ के जरिए वर्ष 2023 में 47 सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति की गई थी। इन गार्डों ने मेडिकल कॉलेज और अन्य स्वास्थ्य इकाइयों में अपनी सेवाएं दीं। हालांकि मार्च 2025 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के बाद 31 मार्च 2025 के पश्चात इन सुरक्षा गार्डों से सेवाएं न लेने के निर्देश जारी कर दिए गए, जिसके बाद उनकी सेवाएं समाप्त हो गईं। सेवा समाप्ति के बाद गार्डों और कर्मचारी संगठनों ने कई जनप्रतिनिधियों और उच्चाधिकारियों से सेवा विस्तार या समायोजन की मांग को लेकर लगातार पत्राचार किया। बताया गया है कि इस संबंध में राज्यमंत्री मनोहर लाल ने भी मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर सुरक्षा गार्डों के सेवा विस्तार या समायोजन पर विचार करने का अनुरोध किया था। इसके बाद शासन स्तर से भी कई बार इस मामले में आख्या मांगी गई। इधर शासन के निर्देशानुसार मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अब उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के माध्यम से सुरक्षा गार्ड तैनात किए जा रहे हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 35 से 40 गार्ड ही उपलब्ध कराए गए हैं। जबकि कॉलेज परिसर का विस्तार होने के कारण अमरपुर स्थित छात्रावास, एकेडमिक ब्लॉक, फैकल्टी आवास, एसआर-जेआर आवास और 300 बेड के नवनिर्मित अस्पताल की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में गार्डों की आवश्यकता बनी हुई है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि पूर्व सैनिक कल्याण निगम से बार-बार लिखित और मौखिक अनुरोध के बावजूद पर्याप्त सुरक्षा गार्ड उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शासन स्तर पर उचित निर्णय लिए जाने की आवश्यकता है। ज्ञापन भेजते समय हरगोविन्द, दामोदर, अमरेन्द्र राजपूत, मंगल सिंह, चांदनी, दीपक राठौर, संजीव सेन, रोहित राजपूत, मंगललाल, रिया, पूजा, नेहा, ममता, राजेश, रोहित पटेल आदि मौजूद रहे।

## जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर द्वितीय चरण का प्रशिक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम एसएटीआई कॉलेज के वीवी नाथू कंप्यूटर सेंटर में आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी अनिल कुमार डामोर ने बताया कि एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, सभी अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी) तथा जिला कार्यालय से जनगणना लिपिक शामिल हुए।

ग्रामीण क्षेत्रों से चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी एवं चार्ज कार्यालय के जनगणना लिपिक तथा नगरीय क्षेत्र से नपा और नगर परिषद के मुख्य सीएमओ भी प्रशिक्षण में सहभागी बने।

## दान कर्म मनुष्य जीवन का श्रेष्ठ सत्कर्मः बालभरत



**ललितपुर।** श्री सिद्धपीठ श्री तुवन सरकार मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस धर्मसभा को संबोधित करते हुए कथा व्यास स्वामी बालभरत जी महाराज ने कहा कि दान मनुष्य के जीवन का श्रेष्ठ सत्कर्म है। अन्नदान, जलदान और वस्त्रदान जैसे दान के अनेक रूप हैं। यदि ईश्वर ने किसी व्यक्ति को सामर्थ्य दी है तो उसे खुले दिल से दान कर पुण्य अर्जित करना चाहिए। शास्त्रों में दान की विशेष महिमा बताई गई है और श्रद्धावान व धर्मपरायण व्यक्ति ही दान देने की वास्तविक योग्यता रखता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान अवश्य करना चाहिए। कथा के दौरान स्वामी बालभरत जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, नंदोत्सव व उनकी बाल लीलाओं के मनोहारी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। उन्होंने बताया कि भगवान की करुणा असीम है। बालक कृष्ण को मारने आई पूतना को भी प्रभु ने माता के समान सद्गति प्रदान की, जबकि वह बाल हत्यारिन थी। यह भगवान की कृपा और करुणा का सहज स्वभाव है। स्वामी ने कहा कि जीवन में किसी भी जीव—चाहे वह मानव हो या पशु-पक्षी—को कष्ट नहीं पहुंचाना चाहिए। मनुष्य को शाकाहारी जीवन अपनाना चाहिए क्योंकि हमारे शास्त्र मांसाहार की अनुमति नहीं देते। कुछ लोग यह भ्रम फैलाते हैं कि शाकाहार में शक्ति कम होती है, जबकि यह पूरी तरह गलत है। शाकाहार शरीर के लिए सर्वोत्तम पोषण देता है। हमारा आहार ही हमारे विचार और कर्मों को प्रभावित करता है, इसलिए सात्विक आहार से ही सात्विक कर्मों का विकास होता है। कथा के दौरान श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से जीवन के नैतिक मूल्यों पर भी प्रकाश डाला गया। गौचारण लीला, वेणु वादन लीला, कालिया नाग मर्दन लीला और श्रीगोवर्धन पूजा जैसे रसमय प्रसंगों का वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया गया। प्रातःकालीन सत्र में वैदिक विद्वानों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी जारी है। सम्पूर्ण आयोजन नौहर कलाँ परिवार द्वारा किया जा रहा है।

## मत्स्य विभाग की भूमि पर विवाह घर या वाटर पार्क की मांग



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 18 के पार्षद आलोक कुमार जैन मयूर ने उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शहर में स्थित मत्स्य विभाग की खाली पड़ी भूमि का जनहित में उपयोग किए जाने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने बताया कि नगर के कर्माबाई पार्क के मध्य और जल संस्थान कार्यालय के बीच लगभग डेढ़ एकड़ मत्स्य विभाग की भूमि लंबे समय से खाली पड़ी है और वर्तमान में इसका किसी प्रकार का उपयोग नहीं हो रहा है।

पार्षद आलोक जैन ने कहा कि शहर के बीचों-बीच स्थित इस भूमि का उपयोग जनसुविधाओं के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि यहां एक विवाह घर (मैरेज हॉल) बनाया जाए, जिससे नगर के आम नागरिकों को सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। इसके अलावा उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि यदि संभव हो तो यहां वॉटर पार्क का निर्माण कराया जाए, जिससे शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यह स्थान पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन सके। पार्षद ने उप मुख्यमंत्री से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है, ताकि खाली पड़ी भूमि का उपयोग शहर के विकास और जनहित में किया जा सके।

## शिविर में तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई




**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एएसएमसी) में संचालित तंबाकू परामर्श केन्द्र द्वारा धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा.मयंक शुक्ला ने की। आयोजित गोष्ठी में तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित लोगों को तंबाकू का सेवन न करने तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। शिविर में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार सामग्री का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में डा.मदुरेन्द्र राजपूत, डा.राजेश आर्य, डा.अंबिका प्रसाद दुबे, वरिष्ठ फिजिशियन डा.पवन सूद, डा.विशाल जैन, मंजूलता यादव, डा.सौरभ देओलिया, नंदलाल यादव एवं महेन्द्र पटेल सहित मरीज एवं उनके तीमारदार, नर्सिंग स्टाफ तथा पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग एवं फेफड़ों से संबंधित गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू से दूर रहना आवश्यक है।

## बसपा के दो पदाधिकारी निष्कासित

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर दो पदाधिकारियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष द्वारा प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी गई है। जारी प्रेस नोट के अनुसार 12 मार्च 2026 को पार्टी के उच्च पदाधिकारियों की संस्तुति पर मनीराम अहिरवार, पूर्व विधानसभा सचिव महरौनी, तथा संजय चौधरी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष नदीपुर (ललितपुर) को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। बताया गया कि दोनों नेताओं को पहले कई बार समझाया गया लेकिन उनके व्यवहार में सुधार नहीं होने पर पार्टी ने यह कार्रवाई की। जिला अध्यक्ष कपिल कुमार अहिरवार ने बताया कि पार्टी अनुशासनहीनता और संगठन विरोधी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

## युवती को सोशल मीडिया पर गालियां और जान से मारने की धमकी दी

**ललितपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभद्र गालियाँ देने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के एक मोहल्ला में रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि आरोपी रोहित रावत उसे पिछले कुछ समय से गंदे मैसेज भेजकर परेशान कर रहा है। आरोप है कि बुधवार 11 मार्च की रात करीब 9.30 बजे आरोपी ने इंस्टाग्राम पर उसे बेहद अभद्र गालियाँ दीं और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, इस कृत्य में रोहित रावत के साथ विनोद तिवारी और रवि तिवारी भी शामिल हैं, जिन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रोहित रावत, विनोद तिवारी और रवि तिवारी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## अधिकारियों ने दुकानों का निरीक्षण कर इंडक्शन का स्टाक रखने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



घरेलू गैस की टंकी उपलब्धता में देरी होने पर शहर के लोगों को दिक्कतों का सामान न करना पड़े इसलिए प्रशासन के निर्देश पर अधिकारियों ने इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों पर पहुंचकर इंडक्शन की स्टाक की जांच की उन्होंने विभिन्न कंपनियों के इंडक्शन के रेट भी लिए ताकि गैस की दिक्कत होने पर व्यापारी अधिक दाम न वसूल सकें। वहीं व्यापारियों को पर्याप्त स्टाक रखने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि गैस और पेट्रोल की किल्लत की चर्चाओं से शहरवासी गैस की टंकियां भरवाकर रख रहे हैं और गाड़ियों में पेट्रोल भी अधिक मात्रा में भरवाया जा रहा है।

## कारीटोरन पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में पहुंचे उपमुख्यमंत्री

# संतों की वाणी से ही मिलते संस्कारः केशव मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

विकास खंड मडावरा अन्तर्गत श्री शान्तिनाथ अतिशय क्षेत्र करीटोरन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पहुंचकर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में चर्याशिरोमणी आचार्य श्रेष्ठ विशुद्धसागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि सम्यत्व सागर महाराज को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। प्राचीन पुरातत्व की धरोहर के संरक्षण के लिए कारीटोरन में संग्रहालय की आधारशिला रखी और कहा पुरातत्व ही हमारी धरोहर है जिसका संरक्षण जरूरी है। उन्होंने अपने सम्बोधन में जैन संतों की उत्कृष्ट तपस्या को नमन करते हुए कहा संतों की वाणी द्वारा ही संस्कार मिलते है। जैन धर्म की प्राचीनता का उल्लेख करते हुए उन्होंने भगवान महावीर के सिद्धान्तों की आवश्यकता बताई।

प्रदेश सरकार की उपलब्धियों बताते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा सुदूर ग्रामीण अंचलों को हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराने के लिए केन्द्र और प्रदेश की सरकार प्रयास कर रही है उन्होंने जन कारीटोरन में विजली, बैंक और सड़क की सुविधाओं पर कार्रवाई का भरोसा दिया।

### गजरथ परिक्रमा में उमडा श्रद्धा का सैलाब

कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर उपमुख्यमंत्री द्वारा किया गया। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति ने मुख्यअतिथि को माल्यार्पण शाल श्रीफल से सम्मानित किया। मेला अध्यक्ष एड मुन्नालाल जैन अभिलाषा ने सनातन संस्कृति का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उपमुख्यमंत्री जी को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कारीटोरन दर्शन पुस्तिका का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर मुनि श्री सम्यत्वसागर महाराज ने राजनीति में धर्म के समावेश को श्रेयस्कर बताते हुए कहा धर्म द्वारा ही जीवन में शान्ति का मार्ग है। धर्मसभा को मुनिश्री सौम्य सागर महाराज ने सम्बोधित कर श्रावकों को सीख दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत ने उपमुख्यमंत्री के ललितपुर जनपद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र कारीटोरन आगमन को विकास की दिशा में उपलब्धि बताया। उन्होंने प्रतिष्ठाचार्य के महेश जी डीमापुर द्वारा धर्म संस्कृति के उत्थान में दिए गए योगदान पर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, पूर्वविधायक देवेन्द्र सिंह मदनपुर, चन्द्रदीप रावत बलाक प्रमुख, नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन, अनिल जैन अंचल, अजित खजुरिया, अक्षय अलया, पवन जैन शिवाजी आनंद राय, महेश श्रीवास्तव भैया, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, अरविन्द रजउराजा मैनुवा, सुदीप मोहनी, माधव शास्त्री, श्रयस जैन ककरवाहा, विवेक जैन अभिलाषा, अनुभव कपासिया, जिनेन्द्र जैन रानू मनोज जैन ललितपुर टीवी, अनंदी लुहर्र, विजय जैन, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री केशव मोर्य ने मुनिश्री सम्यत्व सागर का पादप्रक्षालन करने का पुर्याजन कर संतों के प्रति आस्था जताई। कार्यक्रम का संचालन वीरचंद नैकौरा ने किया जबकि उपस्थित जनसमुदाय का आभार नगरपालिका अध्यक्ष सोनालीजैन द्वारा किया गया। इसके पूर्व आज प्रातःकाल पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में मोक्ष कल्याणक की मांगलिक कियाए एव विश्व शान्ति महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें इन्द्र इन्द्राणियों ने सम्मलित होकर आहूति दी।

## नपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में कल होगी नगरपालिका परिषद की बैठक

# अबूझ पहेली बन गया परिषद की बैठक में अध्यक्षता करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

6 माह बाद हो रही नगर पालिका परिषद की बैठक आयोजित की जा रही है। लंबे इंतज़ार और शिकवे शिकायत के बाद आयोजित होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता कौन करेगा इस बात पर अभी भी पेंच फंसा हुआ है। हालांकि नियम कायदों के जानकार नपाध्यक्ष रेनू राठौर की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष संजय महाना से कराने की बात कह रहे हैं लेकिन जिस तरह संजय महाना ने नपा अध्यक्ष रेनू राठौर के खिलाफ कलेक्टर को आवेदन देकर परिषद की बैठक बुलाने की मांग की थी उससे नपा अध्यक्ष और उनसे जुड़े पार्षद उनकी अध्यक्षता में परिषद की बैठक हो ऐसा बिल्कुल भी नहीं चाहेंगे। ऐसी स्थिति में क्या नपाध्यक्ष रेनू राठौर परिषद में अपने समर्थित किसी पार्षद से अध्यक्षता कराने के लिए पार्षदों की सहमति बना सकती हैं, या फिर उपाध्यक्ष संजय महाना सभापति की आसंदी पर विराजित होंगे। या फिर ऐसा भी हो सकता है कि बैठक को किन्ही कारणों से अगली तिथि लेकर टाल दिया जाए।

16 मार्च को नगर पालिका परिषद की बहु चर्चित बैठक होने वाली है बहुचर्चित इसलिए कि इस बैठक में नगर के विकास से जुड़ा बजट का एजेंडा तो रखा ही जाएगा साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर के पावर विहीन होने के बाद पहली बार उनकी अनुपस्थिति में या उनकी उपस्थिति में उनकी अध्यक्षता के बिना परिषद की बैठक होगी। ज्ञात हो कि हाई कोर्ट ने वोट चोरी कर सरकार बनाने के मामले में नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर को पावर विहीन घोषित किया हुआ है जिससे परिषद में उनकी हैसियत सिर्फ एक पार्षद के बराबर रह गई है। वह परिषद की अध्यक्षता नहीं कर सकती हैं। ऐसी स्थिति में बजट जैसी महत्वपूर्ण बैठक किसकी अध्यक्षता में होगी इसके क्यास लगाए जा रहे हैं। हालांकि विपक्ष के मामले में पूरी तरह आशवस्थ है की बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष संजय महाना करेंगे लेकिन जो लोग रेणी राठौर को जानते हैं वह इस बात को मानने को तैयार नहीं है कि वह संजय महाना को परिषद की बैठक में अध्यक्षता करने देगी। देखते हैं कल बैठक की अध्यक्षता कौन करता है।




### धारा 56/55 के तहत उपाध्यक्ष को बैठक बुलाने का अधिकार

नगरपालिका अधिनियम (विभिन्न राज्यों के संदर्भ में, विशेषकर म.प्र. संदर्भ में) की धारा 56/55 के तहत परिषद की बैठक बुलाने का मुख्य प्रावधान यह है कि अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष, नगरपालिका के सामान्य कामकाज के लिए समय-समय पर, लेकिन महीने में कम से कम एक बार बैठक बुलाएंगे। यदि अध्यक्ष बैठक बुलाने में विफल रहते हैं, तो विशेष प्रावधानों के तहत बैठक बुलाई जा सकती है। और इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष के बजाय उपाध्यक्ष से कराई जा सकती है। यदि उपाध्यक्ष भी अनुपस्थित हों, तो बैठक में उपस्थित पार्षद/सदस्य अपने में से ही किसी एक को बैठक के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष चुन सकते हैं। लेकिन संजय महना ने उपाध्यक्ष की हैसियत से परिषद की बैठक बुलाने के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा है और कलेक्टर के पत्र के अनुसार ही नियम कार्यों के तहत बैठक बुलाई जा रही है ऐसी स्थिति में किसी पार्षद का बैठक की अध्यक्षता करना संभव दिखाई नहीं पड़ रहा।

### बैठक की तिथि भी बढ़ सकती है

सूत्रों के माने तो सीएमओ आरआर यादव 16 मार्च को आयोजित होने वाली नगर पालिका परिषद की बैठक को अपरिहाय कारणों से आगे बढ़ा सकते हैं ऐसे अपरिहाय कारण पर्दे के पीछे से आयोजित होने वाली बैठक का संचालन कर रही नपाध्यक्ष के पास आधे से अधिक पार्षद मौजूद हैं। पर प्रश्न उठता है की नपाध्यक्ष बैठक स्थगित क्यों करना चाहेंगी तो इसका जवाब यह है कि नपाध्यक्ष को भरोसा था कि पहले 10 मार्च को हाई कोर्ट में उनकी तिथि पर कोई फैसला हो जाएगा और वह उनके पावर लौट आएंगे लेकिन हाई कोर्ट ने फैसला दिए बिना तिथि को 20 मार्च के लिए आगे बढ़ा दिया अब अगर बैठक आगे बढ़ती है तो बजट पास होने के लिए मार्च माह में होना जरूरी है ऐसी स्थिति में 20 से 31 मार्च के बीच में बैठक करना जरूरी हो जाएगा।

### इनका कहना...

नगर पालिका अधिनियम की धारा 56 बात 55 के तहत नपा नपाध्यक्ष की अनुपस्थिति उपाध्यक्ष कार्यवाहक अध्यक्ष होता है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

## 10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया, बड़ौदा थाना क्षेत्र का मामला

# घर में घुसकर बलात्कार करने वाले दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र में रात्रि के दौरान घर में घुसकर महिला के साथ बलात्कार करने संबंधी दो साल पुराने मामले में श्योपुर के तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दोषी को 10 साल के कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने की।

मामले के अनुसार यह मामला 10 मई 2024 को रात्रि के दौरान तब घटित हुआ,जब पीडित महिला अपने घर के कमरे में अकेली



थी,क्योंकि उसका पति घर से बाहर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। तभी मौका देखकर आरोपी मुकेश पुत्र रमेशचंद्र मीणा निवासी श्रीजी की गांवडी महिला के घर में घुसकर गया और जबदरस्ती महिला के साथ बलात्कार कर दिया। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब जेठ का लड़का दौडकर आया तो आरोपी मौके से भाग निकला। आरोपी पहले भी महिला के साथ बलात्कार की घटना घटित कर चुका है, लेकिन उसके द्वारा दी गई धमकियों के कारण महिला अभी तक अपना मुंह नहीं खोल पाई थी। बड़ौदा थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपी मुकेश पुत्र रमेशचंद मीणा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में पेश किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी मुकेश पुत्र रमेशचंद्र मीणा निवासी श्रीजी की गांवडी को दोषी मानते हुए उसे 10 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुना दी।

## दुकानदारों की बैठक कल होगी, आंदोलन की बनाई जाएगी रणनीति

# किराया वृद्धि को लेकर दुकानदार और नगरपालिका प्रशासन में ठनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

16 मार्च को आयोजित होने वाली नगर पालिका परिषद की बैठक में विभिन्न विकास के मुद्दों के साथ-साथ नगर पालिका की दुकानों का किराया भी बढ़ाए जाने का प्रस्ताव रखा है। इन दुकानों का किराया बढ़ाए जाने को लेकर किराएदार नाराज हैं इस संबंध में वह राजनेताओं के पास गुहार लगा आय हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन उनकी कोई बात सुनने को तैयार नहीं है। इससे आक्रोशित दुकानदार रविवार को श्री हजारेश्वर पार्क में बैठक आयोजित कर आंदोलन की रणनीति बनाएगे।

दुकानदारों ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन नियम कायदों को बलाए ताक पर रख 10 गुना तक किराया बढ़ाने का प्रावधान कर रही है। इस मनमानी के खिलाफ दुकानदारों ने पहले नगर पालिका प्रशासन को समझाने का प्रयास किया नगर पालिका के पार्षदों को भी अपनी मजबूरी बताई और नियमों के तहत किराया बढ़ाने की मांग की वहां से भी बात नहीं बनी तो सभी दुकानदारों ने पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गा लाल विजय के निवास पर पहुंच कर मनुहार की पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय ने उन्हें आश्वासन दिया कि मनमाना किराया नहीं बढ़ाया जाएगा जो नियम संगत है उसके तहत किराया बढ़ेगा लेकिन सीएमओ पूर्व विधायक की भी नहीं सुन रहे हैं और उन्होंने स्पष्ट बोल दिया है कि वह परिषद की बैठक में हर हाल में किराए वृद्धि करेंगे इससे नाराज दुकानदार रविवार को बैठक का आह्वान किया है वह 16 मार्च को होने वाली परिषद की बैठक में इस बिंदु पर चर्चा ना हो किराया न बढ़े इसके लिए भरसक प्रयास करेंगे हो सकता है के सभी दुकानदार यह निर्णय लें कि 16 मार्च को वह नगर पालिका के बाहर धरना देकर परिषद की बैठक के समय अपना विरोध दर्ज कराए।

# एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निधन से स्तब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महात्मा गांधी सेवाश्रम के मार्गदर्शक रनसिंह परमार के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके साथ आदिवासी अंचल में गरीब दीन दुखियों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले समाजसेवी कैलाश पाराशर ने बताया कि उनका जाना महात्मा गांधी सेवा आश्रम के लिए एक युग का गुजर जाना है। उनके जाने से हम



अपने आपको अनाथ महसूस कर रहे हैं। आप व्यक्ति नहीं एक संस्था थे। अपने जीवन काल में आपने जो कार्य किए वो ऐतिहासिक है। कभी भुलाये नहीं जा सकते हैं फिर चाहे वो युवाओं को मार्गदर्शन देने का कार्य हो या चंबल की वंचित पीड़ित शोषित सहरिया जनजाति के जीवन में एक आशा और विश्वास भरने का काम हो महात्मा गांधी सेवा आश्रम को एक नई दिशा देने का कार्य हो या एन वाय पी के माध्यम से युवाओं में देशप्रेम जगाने का कार्य हो न जाने कितने आयाम है आपके जीवन के जिन्हें शब्दों में समेटा जाना असंभव है।

# यूजीसी के समर्थन में विजयपुर में निकाली रैली, ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शनिवार को विजयपुर में यूजीसी के नए नियमों को लागू करने के लिए एसटी एससी अल्पसंख्यक वर्ग ने प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा है। प्रदर्शन कारियों ने नगर में एक रैली निकाली जिसमें लोग हाथों में यूजीसी के सम्मान में एसटी एससी ओबीसी अल्पसंख्यक मैदान में लिखित तख्तियां थामे हुए थे। नगर की प्रमुख सड़कों से मार्च निकाल कर तहसील कार्यालय पहुंचे आंदोलन कारियों ने प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें यूजीसी बिल को तत्काल लागु करने, जातिगत जनगणना में ओबीसी का कॉलम बढ़ाने, 13 फीसद आरक्षण पर होल्ड लगा है उसे तत्काल हटाया जाए। आदि मांगे शामिल हैं।

### मार्च व अप्रैल का खाद्यान एक साथ मिलेगा

श्योपुर। एनएफएसए अंतर्गत समस्त पात्र परिवारों को शासन द्वारा मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री एक साथ वितरित की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी फूड विजय शाक्य ने बताया कि इसके लिए हितग्राही उचित मूल्य दुकानों पर लगायी गयी पीओएस मशीन से एकबार मार्च माह के लिए तथा दूसरी बार अप्रैल माह के लिए इस प्रकार कुल 02 बार मशीन पर अपना अंगूठा लगाकर बॉयोमेट्रिक सत्यापन करना होगा। 02 बार अंगूठा लगाने के बाद उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राही को दोनो माहों की राशन सामग्री एक साथ दी जावेगी।

### नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते से 1132 प्रकरणों का निराकरण किया गया




श्योपुर। शनिवार को जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर कपिल मेहता के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय संजय गोयल, प्रथम जिला न्यायाधीश प्रतिष्ठा अवस्थी, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बबीता होरा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संध्या मरावी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार, जिला न्यायालय, श्योपुर के सभी न्यायिक अधिकारीगण, एएसपी प्रवीण भूरिया, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ ओमप्रकाश गुप्ता एवं अधिवक्तागण एवं ऑनलाईन माध्यम से तहसील न्यायालय विजयपुर के न्यायिक अधिकारीगण, जिला अभिभाषक संघ के अधिवक्तागण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जिला न्यायालय श्योपुर में प्रीलिटिगेशन मामलों के लिए विद्युत विभाग, वन विभाग, नगर पालिका, बैंक एवं बी.एस.एन.एल. इत्यादि विभागों के प्रकरणों के निराकरण हेतु पृथक-पृथक स्टॉल लगाये गये, जिन पर भारी संख्या में लोग अपने निराकरण के लिए मौजूद थे तथा प्रकरणों में लोक अदालत में राजीनामा करने वाले पक्षकारो को स्मृति चिन्ह के रूप में फलदार पौधे प्रदान किये गये। नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के विभिन्न विभागों के करीब 634 मामले निपटाए जाकर राशि रूपये 19479567 की वसूली की गई। जिसमें विद्युत विभाग के लगभग 475 मामले निराकृत कर 16596620 राशि की वसूली की। नगर पालिका के 54 मामले निपटाए जाकर 370428 राशि की वसूली की गई। जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय, विजयपुर के न्यायिक अधिकारियों की खण्डपीठों ने कुल 498 मामलों का आपसी सुलह और समझौते से पक्षकारों के मामलो का निराकरण किया गया। जिसमें मोटर दुर्घटना के 4 मामलो में 775000 राशि का मुआवजा दिलाया गया तथा चैक बाउंस के 60 मामलो में 15198844 राशि तथा आपराधिक प्रकरण के 278 मामलों में निराकरण किया गया एवं विद्युत विभाग के 61 मामले निराकृत किए गए। कुटुम्ब न्यायालय में कुल 32 प्रकरणों को आपसी समझौते के माध्यम से निराकृत किया गया जिसमें 30 प्रकरण भरण-पोषण के निराकृत किए गए एवं 02 प्रकरणों में पति-पत्नि साथ-साथ रहने के लिए सहमत हुए। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर कपिल मेहता द्वारा आवेदिका को साड़ी एवं सुहाग का सामान तथा उपहार स्वरूप पौधे प्रदान किये गए।

### पार्वती नदी में मिली लाश निकली राजस्थान के युवक की

श्योपुर। देहात थाना क्षेत्र स्थित पार्वती नदी में शनिवार को जलालपुरा झोपडियां गांव के पास एक युवत की लाश मिली है। मृतक की पहचान श्यामसुंदर मीणा 35 वर्ष निवासी गड्डी गांव जिला सवाईमाधोपुर राजस्थान के रूप में हुई है। मृतक की जलालपुरा झोपडियां गांव में रिश्तेदारी है। मृतक की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है,लेकिन नदी के किनारे पर मृतक युवक के कपडे,जूते और बाइक आदि सामान रखे हुए मिले है। जिससे आशंका लग रही है कि कही युवक नहाते समय तो नहीं डूब गया। फिलहाल देहात थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक ने बोलेरो को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

श्योपुर। दाँतरदा चौराहे पर बीती रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो सवार तीन लोग महावीर, पुष्पराज मीणा और राजू मीणा घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद राजू मीणा की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जयपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# गैस सिलेंडर को लेकर एनएसयूआई ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विगत तीन-चार दिनों से निर्मित हुई गैस सिलेंडर की समस्या को लेकर शनिवार को एनएसयूआई ने सिलेंडर कंधों पर रखकर कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

अपने कंधों पर खाली सिलेंडर रखकर और उसे माला पहनाकर पीएम एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज में प्रदर्शन करने पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के खिलाफ नारे लगाए और प्रशासन पर गैस उपभोक्ताओं को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कालेज में ओर छात्रों द्वारा इस तरह के प्रदर्शन में भाग लेने के कारण पूछने पर बताया कि सिलेंडर की देश में कमी होने के कारण छात्रों को हॉस्टलों में खाना समय पर नहीं मिल पा रहा जिससे उन्हें बाहर रेस्टोरेंट में महंगा खाना खरीदकर खाने को मजबूर



होना पड़ रहा है। घरों में भी सिलेंडर की सप्लाई नहीं जा रही है। विरोध कर प्रदर्शन करते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार इस ओर ध्यान दें और जो परेशानी देश के नागरिकों को आ रही है उसका समाधान करें। कार्यक्रम में पीयूष शिवहरे,शिवम मीणा रोनी मीणा आदि मौजूद रहे।

## सुरक्षा के लिहाज से भी उपयुक्त नजर नहीं आ रहा अटार घाट का पांटून पुल

# रामेश्वर घाट के लिए छोटा पड़ सकता अटार घाट से खोला गया पांटूनपुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के त्रिवेणी संगम रामेश्वर घाट पर पांटून पुल बनाए जाने की मांग इन दिनों जोरदारी के साथ उठ रही है। जैनी मानपुर क्षेत्र के नागरिकों के साथही इस मांग को पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान भी प्रमुखता से उठा रहे है। उनके द्वारा इस संबंध में एक पत्र नईदिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी सौंपा गया है। इसके साथही ऐसी मांग की जा रही है कि चंबल नदी के अटार घाट पर नवीन पुल बनने के कारण वहां से खोलकर रखा गया पांटूनपुल भी रामेश्वर घाट पर लगाया जाए। जिसके चलते इस मांग को लेकर प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। वहीं लोक निर्माण विभाग की ओर से रामेश्वर घाट पर पांटून पुल बनाए जाने संबंधी प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है। लेकिन तकनीकी दृष्टि से अटार घाट का पुल रामेश्वर घाट पर लगना संभव दिखाई नहीं पड रहा है।

जानकारों का कहना है कि अटार घाट पर जो पांटून पुल था, वह पांटून पुल रामेश्वर घाट के लिए छोटा पड सकता है। क्योंकि अटार घाट पर चंबल नदी की जितनी चौडाई है,उससे अधिक चौडाई चंबल नदी की रामेश्वर घाट पर है। रामेश्वर घाट पर चंबल नदी में बनास और सीप नदी का संगम भी हुआ है,इसलिए यहां नदी की चौडाई अधिक हो गई है। ऐसी स्थिति में अटार घाट का खोला गया पांटूनपुल रामेश्वर घाट पर छोटा पडेगा। इसके अलावा अटार घाट का पुल सुरक्षा की दृष्टि से भी रामेश्वर घाट के लिए उपयोगी साबित नहीं दिख रहा है। विभागीय सूत्र बता रहे है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा इन स्थितियों का पता करने के बाद रामेश्वर घाट पर उच्च क्वालिटी का नया पांटून पुल बनाए जानें सबंधी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।



### पांटून पुल के बनने से श्योपुर का होगा खंडार क्षेत्र से सीधा जुडाव

रामेश्वर घाट पर पांटून पुल का निर्माण होना बहुत जरूरी है। इसलिए क्षेत्र के लोग इस मांग को पूरी करने के लिए काफी दिनों से मांग उठा रहे है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि रामेश्वर घाट पर पांटून पुल बनने से न सिर्फ श्रद्धालुओ का चतुर्भुजनाथ मंदिर पर दर्शन करने जाना सुगम हो जाएगा,बल्कि श्योपुर क्षेत्र का राजस्थान के खंडार क्षेत्र से सीधा जुडाव भी होगा। श्योपुर क्षेत्र के जो लोग राजस्थान की करणपुर माता और कैलादेवी माता के दर्शन करने के लिए जाते है,उनकी यात्रा को भी यह पांटून पुल सुगम बनाएगा।

### इसलिए भी उपयुक्त नहीं अटार घाट का पांटून पुल

सुरक्षा के लिहाज से भी अटार घाट का पांटून पुल रामेश्वर घाट के लिए उपयुक्त नहीं बताया जा रहा है। विभागीय जानकारों की माने तो अटार घाट से खोला गया पांटूनपुल करीब 50 साल पुराना है। 50 साल पहले बने इस पांटून पुल के पीपे भी कमजोर हो गए होंगे। कमजोर पीपो का पुल रामेश्वर घाट पर बनाया जाना सुरक्षा के लिहाज से उचित नहीं है। क्योंकि यहां रामेश्वर घाट पर जो पांटून पुल बनेगा,उस पर लोगों की आवाजाही भी अधिक रहेगी,क्योंकि राजस्थान सीमा में मौजूद भगवान श्री चतुर्भुजनाथ मंदिर के दर्शन करने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु इसी पुल से होकर गुजरेगे। कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले रामेश्वर मेले में लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालु भी इस पुल से गुजरेगे। ऐसी स्थिति में पुराने पीपो के पुल से यहां हादसा घटित होने की आशंकी बनी रहेगी।

### इनका कहना है...

अटार घाट से खोले गए पांटून पुल के संबंध में हमने मुरैना से पता करवा लिया है,वह पुल रामेश्वर घाट के लिए छोटा भी पडेगा,इसलिए रामेश्वर घाट पर नया पांटून पुल बनाए जाने संबंधी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जल्द ही यह प्रस्ताव तैयार कर उसे स्वीकृति के लिए भिजवा दिया जाएगा।

**पुष्कल प्रताप**
**ईई लोक निर्माण विभाग श्योपुर**

क्षेत्रीय लोगों की सुविधा तथा मप्र व राजस्थान का आवागमन सुगम बनाने के लिए रामेश्वर घाट पर पांटून पुल बनना बहुत जरूरी है। इसके लिए हम अपने स्तर पर प्रयास कर रहे है। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी इस मांग को शासन स्तर से जल्द मंजूरी दिलवाए जाने का अनुरोध किया है।

**यश प्रताप सिंह चौहान**
**युवा भाजपा नेता श्योपुर**

## प्रभारी मंत्री श्योपुर के दो दिवसीय दौरे पर, आज करेंगे जल गंगा संवर्धन बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला शनिवार को श्योपुर जिले के दो दिवसीय दौरे पर पधारे है। वे रविवार को भी श्योपुर जिले में रहकर विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला 14 मार्च को रात्रि के दौरान कूनों रिसोर्ट सेसईपुरा पहुंचेगे और वहां रात्रि विश्राम किया। इसके बाद वे 15 मार्च को प्रातः 11 बजे कूनो रिसोर्ट सेसईपुरा से श्योपुर के लिए प्रस्थान कर दोपहर 12.05 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस श्योपुर पहुंचेगे और पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजन से भेंट करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 01 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रभारी मंत्री शुक्ला दोपहर 02 बजे श्योपुर से मानपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर 2.30 बजे



रामेश्वर घाट पर मंदिरों के जीर्णोद्धार के संबंध में श्रद्धालुओ से चर्चा करेंगे। अपरान्ह 3 बजे मानपुर से बडौदा के लिए प्रस्थान करेंगे और अपरान्ह 3.45 बजे बडौदा में स्व.कमल शर्मा पूर्व जिला संघ चालक के निज निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु जायेगे। प्रभारी मंत्री शुक्ला सांय 4.15 बजे बडौदा से श्योपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा सांय 05 बजे सर्किट हाउस श्योपुर पहुंचेगे, इसके उपरांत सांय 5.30 बजे श्योपुर से सवाई माधोपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा सांय 6.30 बजे सवाई माधोपुर पहुंचेगे, तत्पश्चात रात्रि 9.25 बजे जेपी चेन्नई एक्सप्रेस से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नहाते समय चंबल नहर में डूबी युवती का शव ढोढर के पास मिला

श्योपुर। नहने के दौरान चंबल नहर में डूबी एक युवती का शव दो दिन शनिवार को ढोढर के पास मिला है। पुलिस ने युवती के शव को ढोढर के पास चंबल नहर से बरामद करने के बाद उसे जिला अस्पताल में पीएम के लिए लाया। जहां उसका पीएम कराया गया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि श्योपुर में मंगल ईट भट्टे पर काम करने वाली 23 वर्षीय युवती सुनीता बंजारा आसपास की बालिकाओ के साथ नहाने के लिए 12 मार्च को नागदा रोड के पास स्थित चंबल नहर में नहाने के लिए गई थी। नहाने के दौरान सुनीता चंबल नहर में बह गई। जिसकी दो दिन से परिवार और पुलिस के द्वारा चंबल नहर में तलाश की जा रही थी। दो दिन बाद 14 मार्च शनिवार को युवती का शव ढोढर के पास चंबल नहर में उतराता हुआ मिला है। जिसे पुलिस ने नहर से बरामद करने के बाद पीएम उपरांत परिजनो के सुपुर्द कर दिया।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात चोर मोटर की केबिल चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम कांकर निवासी चंदन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कैथन नदी के पास ग्राम से कोई अज्ञात चोर विधुत मोटर की सवा सौ फुट केविल चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात बीमारी के चलते ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम पचलाना के कुए के पास खेत में महीप सिंह पुत्र दुर्गा सिंह लोधी उम्र 55 साल ग्राम पचलाना की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत रपतेरा निवासी सुमित्रा पत्नि रतना आदिवासी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर मे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### त्वरित कार्रवाई से चंद घंटे में मिली अबोध बालिका

**अशोकनगर।** अशोकनगर पुलिस के परहित सहायता दस्ता चीता मोटरसाइकिल पार्टी क्रमांक 02 व 03 ड्यूटी में लगे स्टाफ द्वारा तत्परतापूर्वक दीक्षा शिशु ग्रह आदर्श स्कूल के पास महात्मा बाड़ा के पीछे से गई अबोध बालिका का चंद घंटों में पता लगाकर दीक्षा शिशु ग्रह में सुपुर्द किया।
उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह कंट्रोल रूम अशोकनगर को सूचना प्राप्त हुई कि दीक्षा शिशु गृह आदर्श स्कूल के पास महात्मा बाड़ा के पीछे से एक अबोध बालिका बिना बताए कहीं चली गई है, उपरोक्त सूचना को पुलिस कंट्रोल रूम अशोक नगर द्वारा वायरलेस पर प्रसारित किया गया,उक्त सूचना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा कंट्रोल रूम अशोक नगर को अबोध बालिका की शीघ्रातिशीघ्र तलाश हेतु निर्देशित किया गया। इसके पालन में सूचना को वायरलेस सेट पर प्रसारित किया गया जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस का परहित सहायता दस्ता चीता मोटरसाइकिल पार्टी क्रमांक 02 में तैनात आर. महेश बघेल व 03 में ड्यूटी में तैनात आर. पुष्पेंद्र जाट द्वारा कस्बे में संभावित स्थानों पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम की मदद से अबोध बालिका की तलाश की जो अबोध बालिका पुराना आरटीओ ऑफिस के पास, नेहरू डिग्री कॉलेज के पीछे मिली, जिसे दीक्षा शिशु ग्रह सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में सराहनीय भूमिका पुलिस के परहित सहायता दस्ता चीता मोटरसाइकिल पार्टी क्रमांक 02 में तैनात आर. महेश बघेल व 03 में ड्यूटी में तैनात आर. पुष्पेंद्र जाट व सीसीटीवी कंट्रोल से आर. धर्मेंद्र शिवहरे की रही।

### सीपीसीटी परीक्षा हेतु पंजीयन प्रारंभ

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन के विभागों मे निकलने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं मे विभिन्न पदों के लिए कंप्युटर डिप्लोमा के साथ साथ सीपीसीटी परीक्षा पास करना अनिवार्य किया गया है। इस हेतु एमपीएसईडीसी के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय में स्थित ई-दक्ष केंद्र अशोकनगर में सीपीसीटी परीक्षा हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमे अभ्यर्थी अपना पंजीयन करवा सकते हैं। प्रशिक्षण की अवधि 45 घंटे रहेगी जिसमे अभ्यर्थी को टायपिंग परीक्षा के साथ साथ कंप्यूटर परीक्षा की भी तैयारी करवाई जायेगी, जिसका प्रशिक्षण शुल्क एक हजार रुपये रहेगा।

### नवीनीकरण हेतु आवेदन 15 मार्च तक

**अशोकनगर।** एमपी टास पोर्टल पर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण हेतु आवेदन 15 मार्च 2026 तक कर सकते है। अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा अपना समय-सीमा में अपना छात्रवृत्ति आवेदन ऑनलाईन करें। यह पोर्टल 15 मार्च 2026 से बंद किया जा रहा है।

## 20% की वृद्धि निर्धारित मांगी थी, जिसकी तुलना में 30.91 % वृद्धि के साथ दुकानों की हुई नीलामी

# नई आबकारी नीति के बाद 9 समूह में से 5 की दुकानों के ठेके ई टेंडर से हुए नीलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







नई आवकारी नीति प्रदेश में लागू होने के बाद जिले में कम्पोजिट 33 दुकानों की नीलामी के लिए ई टेंडर डाले गए, अब तक जिले के 9 समूहों में बटी इन 33 दुकानों में से 5 समूह के ई टेंडर हो चुके हैं। इन 5 समूह की दुकानों के वर्ष 2026-27 के लिए विभाग ने निर्धारित मूल्य 20 प्रतिशत के हिसाब से तय किया था जिसके बाद शासन को 30.91 प्रतिशत वृद्धि मिली है। अभी 4 समूहों के ठेके नीलाम होना शेष है।


अशोकनगर जिले में 33 देशी-विदेशी मदिरा की कंपोजिट दुकाने हैं, इन दुकानों के लिए पिछले कई वर्षों से शासन द्वारा 20 प्रतिशत वृद्धि कर उन्हीं ठेकेदारों को यह दुकाने सौंप दी जाती थीं लेकिन इस बार नई आवकारी नीति आने के बाद न तो प्रदेश में कोई नई दुकानें खोली गई हैं और जो वृद्धि का प्रस्ताव हर बार तैयार किया जाता था उसमें भी बदलाव किया गया। अब ई प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन बुलाए गए जिसके बाद अशोकनगर जिले के 9 समूहों में बटी इन दुकानों के लिए ई नीलामी हो चुकी है, शेष 4 समूहों की 12 दुकानों की नीलामी होना शेष है अब तक 21 दुकानों की नीलामी हो चुकी है।

### 4 समूहों की ई नीलामी आज खुलेगी

जिला आवकारी अधिकारी जीपी केवट ने बताया कि 4 समूहों की ई नीलामी शनिवार को होना है जिनमें समूह क्रमांक 2 के अंतर्गत मुंगावली 1, मुंगावली 2 और मल्हारगढ की दुकानें हैं। इनका निर्धारित मूल्य 21 करोड 32 लाख 75 हजार 280 रूपए है, देखना इस समूह को नए ई नीलामी में कितनी राशि मिलती है। इसी प्रकार समूह क्रमांक 3 में चंदेरी 1, प्राणपुर और राजघाट की दुकानें है। इसका निर्धारित मूल्य 16 करोड 18 लाख 96 हजार 543 है। इसी प्रकार समूह क्रमांक 8 में बहादुरपुर और घाट बमुरिया की दुकानें हैं, निर्धारित मूल्य 10 करोड 33 लाख 69 हजार 962 है। जबकि समूह क्रमांक 9 में चंदेरी 2, और गोराकला की दुकानें शामिल हैं। जिनका निर्धारित मूल्य 8 करोड 92 लाख 23 हजार 49 रूपए तय किया है। इन दुकानों की ई नीलामी का इंतजार है, अगर यह दुकानें निर्धारित मूल्य 56 करोड 77 लाख 74 हजार 334 से अधिक जाती हैं तो शासन को अभी तक 165 करोड 42 लाख 74 हजार 172 रूपए की राशि मिल चुकी है, इन चार समूहों की शेष दुकानों की नीलामी के बाद देखना है कि 20 प्रतिशत वृद्धि के आंकड़े से कितनी अधिक राजस्व की प्राप्ति आवकारी विभाग को होती है। यह टेंडर 14 मार्च को दोपहर 4 बजकर 5 मिनट पर खोले जाएगें।

### इन पांच समूहों की नीलामी में कई नए ठेकेदार भी सामने आए

जिले में अब तक 5 समूहों की नीलामी हुई है, समूह क्रमांक एक में 5 दुकानें हैं जिनमें अशोकनगर 1, अशोकनगर 2, नया बस स्टेण्ड, मोहरी राय, इमला की दुकानें शामिल हैं। इनका निर्धारित मूल्य 64 करोड 17 लाख 71 हजार 99 रूपए निर्धारित किया गया था। ई नीलामी के बाद 64 करोड 18 लाख 88 हजार 888 रूपए में समूह गया है। रामकुमार रघुवंशी के नाम यह समूह की दुकानें गई हैं। समूह क्रमांक 4 में ईसागढ 1 ,ईसागढ 2, कदवाया, पारसोल, ढाकोनी की दुकानें शामिल हैं। यह दुकानें 19 करोड 22 लाख 11 हजार 111 में ई नीलामी में गई हैं। जबकि इनका निर्धारित मूल्य विभाग ने 16 करोड 46 लाख 82 हजार 257 रूपए निर्धारित किया था। यह नीलामी रामकुमार रघुवंशी के नाम गई है। इसी प्रकार समूह क्रमांक 5 में 4 दुकानें शामिल हैं जिनमें सेहराई, तारई ,पिपरई और सावन-भादौन शामिल। ई नीलामी 25 करोड 29 लाख 99 हजार 999 रूपए में गई है। जिसका निर्धारित मूल्य विभाग ने 22 करोड 49 लाख 74 हजार 334 रूपए तय किया था। यह ई नीलामी प्रियंका राय के नाम रही है। समूह क्रमांक 6 में बंगला चैराहा, अथाईखेडा, राजपुर, कचनार, सेमराहाट की 5 दुकानों के लिए ई नीलामी 21 करोड 83 लाख 63 हजार 63 रूपए में गई है। यहां का निर्धारित मूल्य 18 करोड 79 लाख 14 हजार 23 रूपए तय किया गया था, यह ई नीलामी घनश्याम राठौर के नाम से हुई है। समूह क्रमांक 7 में 4 दुकानें शामिल है जिनमें शाढ़ौरा, झीला, नईसरायं, और महिदपुर की दुकान शामिल है। यह ई नीलामी 34 करोड 88 लाख 11 हजार 111 रूपए में गई है जबकि इसका निर्धारित मूल्य विभाग ने 29 करोड 70 लाख 85 हजार 768 रूपए तय किया था। यह ई नीलामी रामकुमार रघुवंशी के नाम गई है।



### 5 समूहों की दुकानों की नीलामी से 30.91 प्रतिशत की अधिक आय हुई

वर्ष 2024-25 अशोकनगर जिले में आवकारी दुकानों से शासन को 144 करोड 73 लाख 62 हजार 467 रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। 2025-26 में 20 प्रतिशत वृद्धि के बाद शासन को 173 करोड 68 लाख 34 हजार 974 रूपए की राशि प्राप्त हुई थी। इस बार 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ ठेके जाने की प्रक्रिया के अंतर्गत निर्धारित मूल्य 208 करोड 42 लाख 1 हजार 982 रूपए की आय होना माना गया था। लेकिन अभी तक जिले में 21 दुकानों की नीलामी 5 समूहों में होने के बाद 20 प्रतिशत वृद्धि के स्थान पर 30.91 प्रतिशत वृद्धि मिली है जो 10.91 प्रतिशत अधिक है। जिला आवकारी अधिकारी जीपी केवट ने बताया कि शासन को इससे 10 करोड से अधिक का लाभ हुआ है।

### अशोकनगर शहर के समूह क्रमांक 1 में ई नीलामी में कम आय

आबकारी दुकानों की बात करें तो अशोकनगर समूह क्रमांक 1 में जो दुकानें हैं उन दुकानों की नीलामी निर्धारित मूल्य के लगभग नजदीक है, जबकि विभाग को समूह क्रमांक 4, समूह क्रमांक 5 और समूह क्रमांक 6 और 7 से अच्छी आय ई नीलामी के बाद होगी। अगर यह शेष 4 समूहों की दुकानें भी निर्धारित मूल्य से अधिक पर पहुंचती है तो अशोकनगर जिले से आवकारी विभाग को 220 करोड़ आय होने की संभावना है हालांकि विभाग ने 208 करोड की संभावना जताई है।

इस बार आवकारी दुकानों को लेने के लिए कई नए ठेकेदार भी सामने आए हैं, अभी तक घनश्याम राठौर के नाम पर यह ठेके 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ जाते रहे हैं इस बार उन्हें ई नीलामी में समूह क्रमांक 6 की दुकानें मिली हैं। ई टेंडर के लिए और भी अनेक लोगों ने आवेदन किए थे लेकिन उनके आवेदनों में त्रुटि होने के कारण उनके ई आवेदन निरस्त हो गए। अब कई लोग शराब की दुकानों की नीलामी के लिए सामने आ रहे हैं जिसमें जिले में रामकुमार रघुवंशी और प्रियंका राय के नाम अब तक सामने आए हैं। 4 समूहों की नीलामी के बाद यह देखना है कि कोई और नए ठेकेदार सामने आते हैं या फिर इन्ही ठेकेदारों के ई नीलामी में नाम सामने आते हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामगढ़ थाना जतारा जिला टीकमगढ निवासी अखिलेश राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहन शिवहरे, दीपक लोधी, आदित्य शिवहरे, भूपेन्द्र शिवहरे और एक अज्ञात साथी ने दीना मुनीम के आफिस में घुसकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कडराना निवासी जयहिन्द परमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बाबी, अन्नू, भूपेन्द्र परमार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुटवारा निवासी कल्लो बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्याण, सागर और मोनू लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसनपुर निवासी रघुवीर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरवीर, विवेक, सुबेक, और सुभम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विवेक यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रघुवीर, अभिषेक और अनिल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निर्टर निवासी घनश्याम शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल दाउ ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पालीवाल कॉलोनी निवासी सचिन जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भान सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मारोन निवासी लालसाहब अरिवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित

## जिले में पुरातत्व पर्यटन स्थलों का होगा संरक्षणः प्रभारी मंत्री शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले में पुरातत्व पर्यटन स्थलों एवं पुरा संपदा का संरक्षण एवं संवर्धन किया जायेगा। प्राचीन धरोहरों को सहेजने के हर संभव प्रयास किये जायेगें। यह बात मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की साधारण सभा की बैठक के आयोजन के दौरान वुर्चअल रूप से जुडकर कही। बैठक में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय,जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, कलेक्टर साकेत मालवीय, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य, हरीसिंह रघुवंशी,समिति के शासकीय एवं अशासकीय सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने के उद्देश्य से गठित समिति सभी के सहयोग से बेहतर कार्य करेगी। जिले में पर्यटन विकास से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों एवं बहुउद्देशीय कार्यो को समाहित कर पर्यटन को बढावा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले के प्राकृतिक,ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के प्रयास किये जायेगें।जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर सृजित हों और जिले की पहचान को व्यापक स्तर पर स्थापित किया जा सके। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा बताया गया कि शासन के नवीन निर्देशानुसार जिला पर्यटन संवर्धन परिषद के नाम में बदलाव किया जाकर जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव साधारण सभा में पारित किया जाकर असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं ग्वालियर को भेजा जायेगा। चंदेरी में प्राणपुर विलेज जो कि पर्यटन विभाग भोपाल द्वारा विकसित किया गया है, अब गठित समिति को हस्तांतरित किया जायेगा। तत्संबंधी कार्यवाही सीईओ जिला पंचायत द्वारा शीघ्र पूर्ण कराई जाकर हस्तांतरित करने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर चंदेरी सिल्क एवं पूर्वोत्तर सिल्क को साथ मिलाकर नया उत्पाद ''पदमडोरी'' किये जाने के प्रयास किये जायेगें। जिसके तहत एन.ई.एच.डी.सी.सी. एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के मध्य एमओयू किया जायेगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले की ऐतिहासिक,धार्मिक एवं पुरातत्व महत्व की धरोहरें कदवाया की गढ़ी,भरका का तालाब, झरने, चंदेरी, बूढी चंदेरी,तूमैन, मल्हारगढ़, थूबोन जी, अखेबर धरोहरों को संरक्षित किया जायेगा। साथ ही आगामी समय में मल्हारगढ़ जिले में मैरिज गार्डन/पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने की कार्ययोजना तैयार की जायेगी।

## मल्हारगढ़ किले के संरक्षण को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

### प्राचीन किला खो रहा है अपना वैभव




**मल्हारगढ़ किले को सरंक्षण और संवर्धन की जरूरत, इतिहास का गवाह बना है यहां का किला और बीच में बनी जल सरंचना**

अशोकनगर। जिले की मुंगावली तहसील के अंतर्गत मल्हारगढ का किला संरक्षण और संवर्धन का इंतजार कर रहा है। मल्हारगढ किला मात्र किला ही नहीं है बल्कि किला परिसर में ही एक जल संरचना भी स्थित है. यही नहीं किला परिसर में रखी प्राचीन तोप. किला बुर्ज सहित सम्पूर्ण पुरा सम्पदा किला के ऐतिहासिक एवं सामरिक महत्व को रेखांकित करने का माध्यम है।

वर्तमान में उक्त किला जीर्ण-शीर्ण होकर लावारिस अवस्था से गुजर रहा है उक्त किला का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार किए जाने से क्षेत्रीय विरासत को बचाया ही नहीं जाएगा बल्कि यह किला चंदेरी पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार के नवीन अवसर भी सृजन करने का एक बेहतरीन माध्यम साबित होगा। ग्रामीण पर्यटन योजना अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ़ एक नवीन पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा. विरासत रूपी किला का संरक्षण और संवर्धन होना जिला अशोकनगर सहित क्षेत्रीय सार्वजनिक पर्यटन और विरासत हित में आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य है। इन्हीं सब तथ्यों का उल्लेख करते हुए एक पत्र जिला संरक्षण और संवर्धन समिति के सदस्य मजीद खां पठान ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रेषित कर ग्राम मल्हारगढ़ स्थित किला को संरक्षित एवं जीर्णोद्धार किए जाने की दिशा में उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जनपद पंचायत मुंगावली के ग्राम पंचायत मल्हारगढ़ का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने मल्हारगढ़ किला की पुरातत्व धरोहर को देखा। इस दौरान उन्होंने नलजल योजना के तहत पेयजल सप्लाई की जानकारी ली।

उन्होंने मल्हारगढ़ किला के संरक्षण एवं सवंर्धन की दिशा में उचित प्रबंधन किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही किला की साफ सफाई कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किला की प्राचीन जलस्त्रोतों की पर्याप्त साफ सफाई कराई जाए। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, एसडीएम इसरार खान एवं संबंधित अधिकारी साथ थे।

**15 फरवरी को हरिभूमि ने प्रकाशित की थी खबर** मल्हारगढ किले को लेकर संरक्षण और संर्वधन किए जाने की मांग को लेकर हरिभूमि ने 15 फरवरी के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसमें कहा गया था कि यह मल्हारगढ किला ही नहीं एक सुंदर जल संरचना के लिए भी जाना जाता है यहां परिसर में रखी तोप, किला सहित पुरा संपदा किले के कण कण में फैली हुई है। इस क्षेत्र की विरासत को संभाले जाने की जरूरत है यह मांग इस खबर में की गई थी।

## चौथे जुम्मा को नमाज अदाकर अमन और भाईचारे की दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई



रमजान का मुबारक महीने का चैथा जुम्मा के दिन बच्चे बूढ़े नौजवान सभी मस्जिद में जुम्मे के नमाज अदा करने पहुंचे।ओर देश दुनिया में अमन चैन, भाई चारे का माहौल बना रहे। दहशत गर्दी का खत्मा हो और अपने गुनाहों की माफी और अल्लाहपाक जहन्नुम की आग से निजात दिला की दुआ मांगी गई।

इसके पहले रमजान का आखरी असरा दोजख से निजात कर चल रहा है। इसलिए जेहन में यह सवाल उठ रहे है कि जहन्नुम की आग से बचने के लिए क्या कदम उठाए जाय। इसका जवाब हे सच्चे दिल ओर पाक जज्बे के साथ अल्लाह की इबादत की जाए। फिर यह सवाल हे कि दिल सच्चा ओर जज्बा पाक पवित्र कैसे होगा। इसका जवाब है कि जब तौफीक प्रेरणा देगा तो बंदे का दिल सच्चा होगा और जज्बा पाक होगा यहां फिर सवाल उठता है कि अल्लाह दिल की सच्चाई ओर जज्बे की पाकीज़गी की तौफीक कैसे देगा।

**इसका मतलब हमें कुरआन ए पाक में मिलता है।** यह बात तेईसवें रोजे पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने रमजान मुबारक के चैथे जुम्मा के दिन लोगो को समझाइश देते हुए कहा कि अल्लाह का आदेश है कि जिसने खुदा के रास्ते में खर्च किया और परहेजगारी की ओर नेक बात को सच जाना उसको हम आसान तरीके की तौफीक देंगे। इस बात से यह जाहिर हो जाता हे कि तौफीक देने वाला अल्लाह है। रोजदार के लिए जरूरी है कि अल्लाह की इस तौफीक को पाने के लिए जरूरतमंदों को जकात ,दान,सदका पवित्र कमाई न्योछावर ओर खैरात मुफ्त में अन्न वस्त्र वितरण करें। इसके अलावा परहेजगारी संयमित ओर पवित्र आचरण और नेक बात शुभ वाणी को जाने भी ओर माने भी। ऐसा परहेजगार ओर नेक रोजदार अल्लाह से तौफीक पाता है।

### जानकारी मिलते ही कलेक्टर भी गोदाम पर पहुंचे

## 4 किमी दूर गोदाम पर सिलेंडर लेने पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले में गैस सिलेण्डरों की कमी तेजी से सामने आ रही है एक दिन पहले हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद उपभोक्ता बाबा गैस एजेंसी के मढ़खेडा स्थित गोदाम पर सिलेण्डर लेने पहुंच गए। जहां उपभोक्ताओं की भारी भीड़ के बीच कलेक्टर मौंके पर पहुंचे। इस दौरान उपभोक्ताओं को लाईन में खड़े कर बारी बारी से सिलेण्डर प्रदान किए गए।

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को जय बाबा इंडेन गैस एजेंसी अशोकनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसी संचालक को निर्देशित किया गया कि समस्त गैस कनेक्शन धारियों को घर पर ही सिलेण्डर प्रदाय किये जाएं। लेकिन उपभोक्ताओं को सिलेण्डर घर पर प्रदान न किए जाने के कारण उन्हें गोदाम पर सिलेण्डर लेने जाना पड़ता है। उपभोक्ताओं के पहुंचने की वजह यह है कि घर पर और समय पर उपभोक्ताओं को डिलेवरी नहीं की जाती, जिसके कारण मजबूरी में उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस दौरान उपभोक्ताओं ने हंगामा किया और कलेक्टर को बताया कि जो हेल्प लाईन नंबर और बुकिंग गैस नंबर जारी किए गए हैं। वह नंबर भी नहीं लग रहे हैं जिससे सिलेण्डर की ऑन लाईन बुकिंग नहीं हो पा रही है। इस दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय ने उपभोक्ताओं से कहा कि उन्हें किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है, जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेण्डरों का स्टॉक है। इस दौरान उन्होंने गैस एजेंसी संचालक को भी फटकारा और घरों पर ही सिलेण्डर पहुंचाने के आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने गैस एजेंसी संचालक से बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं की सूची मांगी और कहा कि सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबरों पर संदेश भेजे जाएं कि उन्हें इस अवधि तक गैस सिलेण्डर मिल जाएगें।

### नागरिकगण सिलेंडर की कर सकते हैं बुकिंग

नागरिकगण सिलेण्डर की बुकिंग हेतु इंडेन 8454955555, भारत गैस 77109555 एवं एचपी गैस 9493602222 नंबर पर मिस कॉल कर सकते है। इंडेन 7789955555, भारत गैस 7715012345 एवं एचपी गैस 8888823456 नंबर पर एसएमएस कर सकते है। इंडेन 7588888824, भारत गैस 1800224344 एवं एचपी गैस 9222201122 नंबर पर व्हाट्सप कर सकते है। इंडेन गैस के इंडियन ऑयल वन एप, भारत गैस हेलो बीपीसीएल एवं एचपी गैस एचपी पे एप के माध्यम से बुकिंग कर सकते है। इसी प्रकार इंडेन गैस के पोर्टल भारत गैस तथा एचपी गैस पर बुकिंग कर सकते है।